




नवभारत 08

ग्वालियर, सोमवार, 29 दिसम्बर, 2025


**बाइकों को मिस्त्री कर रहे मोडिफाई**

# साइलेंसर से निकल रही गोली चलने की आवाज

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 28 दिसम्बर।** बाइक के साइलेंसर मोडिफाई करवाकर रिहायशी इलाकों में गन फायर जैसी आवाजें निकालना युवाओं का टशन बन गया है। लेकिन ऐसा करने वाले बाइक सवार नहीं जानते कि मोडिफाई करवाए गए साइलेंसर उन पर जुर्माना करवा सकते हैं। फायरिंग की आवाज निकालकर वे ऐसा अपराध भी कर रहे हैं। जिसके लिए उन्हें जेल भी जाना पड़ सकता है। बंदूक की बाइकों की संख्या बढ़ती जा रही है। कई मामलों में तो लोगों ने भ्रमित होकर डर के मारे पुलिस को भी फायरिंग की सूचनाएं दी। बाद में पता चला कि ये फायरिंग नहीं बाइकों के साइलेंसर की आवाज थी। इसके बाद भी पुलिस अब तक एक भी बंदूक वाली बाइक को जब्त नहीं कर पाई है।

**युवा फैला रहे दहशत, अचानक बंदूक की आवाज निकालने से घबरा जाते हैं लोग, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान**

यहां बता दें, कि परिवहन नियमों के तहत किसी भी गाड़ी को शोरूम में खरीदकर बिना अनुमति के गाड़ी की बनावट में कोई भी बदलाव नहीं किया जा सकता। लेकिन क्षेत्र के युवा महानगरों से सबक लेकर अपनी बाइकों के साइलेंसर बदलवा रहे हैं। बाजार में पटाख साउंड और बंदूक के अलग-अलग ध्वनि तीवता वाले साइलेंसर बिक रहे हैं। युवा अपने बाइकों के साइलेंसर इन्हीं साइलेंसरों से रीप्लेस करवा रहे हैं। इसके बाद सड़क पर चलते समय भीड़ भरी जगहों में अपनी मर्जी के अनुसार ये बाइक सवार बंदूक की आवाज निकालते हुए भाग जाते हैं। अनजान लोग घबरा कर इधर उधर वाहन रोक लेते हैं। उन्हें लगता है कि फायरिंग हो गई।



**2 हजार रुपए में मिल रहे कई तरह के साइलेंसर :** बाइकों में साइलेंसर बदलवाने के लिए युवाओं को महज ढ़ाई हजार रुपए खर्च करने होते हैं। बाजार में पटाखा साइलेंसर, बंदूक साइलेंसर, ढोलकी साइलेंसर मौजूद हैं। इन्हें डॉल्फिन और ड्रम साइलेंसर भी कहा जाता है। क्षेत्र में कुछ चिंहित दुकानें ही हैं। यहां यह उपलब्ध हैं और इन्हें मोडिफाई किया जाता है। कुछ बाइकों में युवा मैकेनिक की मदद से साइलेंसर के फिल्टर को निकलवा देते हैं। इसके बाद जो शोर उत्पन्ना होता है वह किसी भी कानों को कष्ट देने के लिए पर्याप्त है।

### सोशल मीडिया यू-ट्यूब से युवा सीख रहे तकनीक

ऐसा नहीं है कि साइलेंसर मोडिफाई करवाने के बाद इनसे लगातार फायरिंग की आवाज आती हो। इसकी तकनीक वैसे तो युवाओं को मालूम चल गई है। लेकिन फिर भी मैकेनिक यह तकनीक बताते हैं इसमें चालू बाइक में एक्सीलेटर देते हुए बाइक के दाईं ओर लगे इग्रीशन बटन को बंद करके फिर चालू करते ही साइलेंसर से फायर की आवाज आती है। जानकार हैरानी हो सकती है, कि यह काम करना सिखाने के लिए यू-ट्यूब और फेसबुक पर भी विडियों उपलब्ध हैं। जिनसें युवा यह काम सीख रहे हैं। वहीं गोहद क्षेत्र में दिनभर कोचिंग संचालित रहती हैं। ऐसे दिन बाइक सवार दिनभर बाइक से फर्राटे भरते हैं। साथ ही बाइकों से फाइरिंग जैसी आवाज भी निकालते हैं। साथ ही कॉलोनी में पढ़ने वाली लड़कियों को बाइक चालक परेशानी करते हैं। कई बार, तो लड़कियों के साथ बाइक चालक छेड़छाड़ तक कर देते हैं। ऐसे में परिजन लड़कियों को कोचिंग पढ़ाने से मना करते हैं।



# जल संचय अभियान, बोरी बंधान चला

**गोहद, 28 दिसम्बर।** मप्र जन अभियान परिषद गोहद सेक्टर एक में तेहरा ग्राम में श्री छैंकुर हनुमंत शिक्षा प्रसार समिति द्वारा जल संचय अभियान के अंतर्गत बोरी बंधान किया गया। यह कार्यक्रम जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित किया गया कार्यक्रम में विकास खंड समन्वयक बृजेंद्र शर्मा ने बताया कि मप्र जन अभियान परिषद द्वारा सम्पूर्ण मप्र में जल संचय अभियान चलाया जा है जिसके तहत बोरी बंधान किया जा रहा गोहद के सभी सेक्टर में यह अभियान चल रहा है कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत द्वह्य2 ड्डह्य2 छात्रों ने व नवांकुर संस्थाओं परामर्श दाताओं ने भाग लिया जिनमें ज्योति चौहान,प्रदीप शर्मा ,आर एस गौर ,अनुज तोमर कमलेश गौड ,सूरज सिंह ,अविनाश ,राखी ,शिवानी पूजा , अमनहिका ,रागनी,तमन्ना, नेहा इत्यादि उपस्थित रहे। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने ग्रामीणों को जल संचय के महत्व के बारे में जानकारी दी और बोरी बंधान के माध्यम से जल संरक्षण के तरीकों को समझाया। इस कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों ने भी भाग लिया और जल संचय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। मप्र जन अभियान परिषद द्वारा ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन समाज में जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए किया जाता है।

**फिर बढ़ी ठंड की मार**

# सुबह से दोपहर तक छाया रहा घना कोहरा

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 28 दिसम्बर।** भिंड जिले में ठंड ने एक बार फिर अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। रविवार सुबह से ही जिले में घना कोहरा छाया रहा, जो दोपहर तक बना रहा। कोहरे के साथ चली बर्फीली हवाओं ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया।

**न्यूनतम तापमान 8 डिग्री**

**कोहरे से जनजीवन प्रभावित :** सुबह के समय दृश्यता काफी कम रही, जिससे सड़कों पर वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हाईवे और शहर के प्रमुख मार्गों पर वाहन धीमी गति से चलते नजर आए। स्कूल जाने वाले बच्चों और सुबह काम पर निकलने वाले लोगों को सबसे ज्यादा दिक्कत हुई।

**तापमान में गिरावट, बढ़ी नमी :** मौसम विभाग के अनुसार रविवार को न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि हवा में नमी 85 प्रतिशत तक रही। नमी अधिक होने के कारण ठंड का असर ज्यादा महसूस किया गया।



### दिनभर सर्द हवाओं का असर

दोपहर के समय हल्की धूप निकलने के बावजूद ठंड से राहत नहीं मिली। उत्तर दिशा से चल रही सर्द हवाओं ने लोगों को गर्म कपड़ों में लिपटे रहने को मजबूर कर दिया। बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर भी लोग अलाव के आसपास बैठे नजर आए।

### अगले कुछ दिनों तक राहत के आसार नहीं

मौसम जानकारों का कहना है कि आने वाले कुछ दिनों तक रात के तापमान में और गिरावट हो सकती है। सुबह-शाम कोहरा और सर्द हवाएं चलने की संभावना बनी हुई है।

# कांग्रेस ने एससी बस्ती में श्रमदान कर मनाया 140वां स्थापना दिवस

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 28 दिसम्बर।** कांग्रेस पार्टी के 140वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी शहर द्वारा भिंड नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 7, गली नंबर 3 स्थित एससी बस्ती में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित कर स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह भदौरिया 'पिंकी' ने किया।

**जिला कांग्रेस कमेटी शहर का कार्यक्रम, नगर पालिका पर भ्रष्टाचार के आरोप**



जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह भदौरिया 'पिंकी' ने बताया कि कांग्रेस स्थापना दिवस को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए श्रमदान के माध्यम से मनाया गया, ताकि जनसेवा का संदेश आम लोगों तक पहुंचे।

**नगर पालिका पर जमकर साधा निशाना :** जिला अध्यक्ष ने भिंड नगर पालिका पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि नगर पालिका क्षेत्र के अधिकांश वार्डों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है, जिससे नागरिकों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पालिका भिंड में विकास कार्य ठप पड़े हैं और हर विभाग में भ्रष्टाचार व्याप्त है। हालात इतने खराब हैं कि नगर पालिका को अब 'नरक पालिका' कहा जा रहा है।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि नगर पालिका की अव्यवस्थाओं में जल्द सुधार नहीं हुआ, तो जिला कांग्रेस कमेटी शहर आंदोलन और प्रदर्शन करेगी।

### कांग्रेस की स्थापना ने स्वतंत्रता आंदोलन को दी दिशा

श्रमदान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह भदौरिया 'पिंकी' ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की स्थापना ऐसे समय में हुई थी, जब 1857 की क्रांति के बाद स्वतंत्रता संग्राम विभिन्न गुटों में बंट गया था और आंदोलन प्रभावी रूप से आगे नहीं बढ़ पा रहा था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने इन सभी आंदोलनों को एकजुट किया और उसी संघर्ष के परिणामस्वरूप 1947 में देश आजाद हुआ।

### लोकतंत्र पर हमले का आरोप

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. राधेश्याम शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की स्थापना के कारण ही देश को स्वतंत्रता मिली है, जिसमें अनेक स्वतंत्रता सेनानियों का बलिदान शामिल है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान में भाजपा सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर कर रही है और कांग्रेस द्वारा स्थापित लोकतंत्र की बार-बार हत्या की जा रही है। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता रामहर सिंह कुशवाहा, सेवा दल जिला अध्यक्ष संदीप मिश्रा, संतोष त्रिपाठी, हलीम पठान, शिवशंकर भदौरिया, स्मिता शर्मा, संजीव बरुआ, मोहम्मद इरफान गामू, एडवोकेट चैतन्य शर्मा, विवेक पचौरी, हरनारायण शर्मा, आयुष मिश्रा, नीरज पाठक, विक्की राजावत, करण खटीक, कोके भदौरिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# नशा व्यक्ति ही नहीं, समाज और राष्ट्र का भी करता है नुकसान : डॉ. शर्मा

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 28 दिसम्बर।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन का आयोजन नशा मुक्ति, कैरियर काउंसलिंग, एड्स जागरूकता, व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं जन स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित रहा। दिनभर चले कार्यक्रमों के माध्यम से स्वयंसेवकों को सामाजिक जिम्मेदारियों और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया।

**एनएसएस विशेष शिविर का चौथा दिन नशा मुक्ति व स्वास्थ्य जागरूकता को समर्पित**

**योग व प्रार्थना से हुई दिन की शुरुआत :** शिविर का शुभारंभ प्रार्थना एवं योग सत्र से हुआ। पतंजलि योग समिति की महिला प्रशिक्षक सोनाली अग्रवाल ने छात्रों को योग के महत्व से अवगत कराते हुए विभिन्न आसन, प्राणायाम और सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि योग न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।




**नशा मुक्ति रैली और स्वच्छता अभियान :** परियोजना सत्र के अंतर्गत शिविर स्थल गायत्री डी.एड. कॉलेज से मठीपुरा गांव तक नशा मुक्ति रैली निकाली गई। स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणाम बताते हुए नशा छोड़ने का संदेश दिया। इसके साथ ही गांव के माध्यमिक विद्यालय एवं पचपेड़ा मंदिर प्रांगण में साफ-सफाई कर क्षेत्र को पॉलीथिन मुक्त बनाया गया। उल्लेखनीय है कि यह सात दिवसीय शिविर पूरी तरह प्लास्टिक फ्री कैंप है, जहां पॉलिथीन का प्रयोग पूर्णत: प्रतिबंधित है।

**बौद्धिक सत्र में विशेषज्ञों ने किया मार्गदर्शन :** बौद्धिक सत्र में समाजसेवी प्रोफेसर इकबाल अली, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. डी.के. शर्मा, स्काउट गाइड प्रशिक्षक एवं मोटिवेशनल स्पीकर रेखा भदौरिया, साहित्यकार शिक्षक डॉ. परमाल कुशवाह, शिक्षक वरुण भदौरिया (डीआरजी) एवं वरिष्ठ कवि कौशलेंद्र प्रताप सिंह राजावत प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। प्रोफेसर इकबाल अली ने कहा कि परिवार में संवाद की कमी, झूठी शान और आधुनिक चकाचौंध युवाओं को नशे की ओर धकेल रही है। टीवी, मोबाइल, सोशल मीडिया और फिल्मों में दिखाया जाने वाला कंटेंट युवाओं को पहले शौक और बाद में लत की ओर ले जाता है। नशा कुंठा और मानसिक विकृति की उपज है, जो समाज और राष्ट्र को अपूरणीय क्षति पहुंचाता है।

**एड्स जागरूकता पर दिया संदेश :** जिला क्षय अधिकारी डॉ. डी.के. शर्मा ने एड्स जागरूकता पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि सही जानकारी और जागरूकता ही एड्स से बचाव का सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जन स्वच्छता के महत्व पर भी प्रकाश डाला और छात्रों को स्वच्छ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी।

### नशा मुक्ति पर लघु नाटिका और कविता

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं नृपेंद्र, महक, माया, विजय, नीतेश, श्रेया एवं चेतना द्वारा नशा मुक्ति पर लघु नाटिका प्रस्तुत की गई, जिसमें दिखाया गया कि किस प्रकार नशा युवाओं का भविष्य बर्बाद कर देता है। वरिष्ठ कवि कौशलेंद्र प्रताप सिंह 'कौशल' ने कविता के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

### कैरियर काउंसलिंग और मोटिवेशन

डॉ. परमाल कुशवाह ने छात्रों को कैरियर काउंसलिंग करते हुए सही लक्ष्य निर्धारण और निरंतर प्रयास की आवश्यकता बताई। वहीं रेखा भदौरिया एवं वरुण भदौरिया ने ज्ञानवर्धक गतिविधियों और एक्शन सॉन्गस के माध्यम से छात्रों को प्रेरित किया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी एवं शिविर संचालक डॉ. धीरज सिंह गुर्जर ने अतिथियों, शिक्षकों, स्वयंसेवकों और उपस्थितजनों के प्रति स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। इस मौके पर गौरव गर्ग, भूपेंद्र सिंह कुशवाह, मंजेश भदौरिया, हरेंद्र गौतम, कामिनी भाटिया, अनुष्का, वंदना, शिवकुमार, ऋतिक, दीपांशी, निकिता, संध्या, दीक्षा, कल्पना, साहिल, राहुल, विष्णु सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# मनुस्मृति दहन के विरोध में भिंड में उबाल



**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 28 दिसम्बर।** शिवपुरी जिले के खनियाधाना क्षेत्र में धार्मिक ग्रंथ मनुस्मृति जलाए जाने की घटना को लेकर भिंड शहर में रविवार को भारी आक्रोश देखने को मिला। इस घटना के विरोध में सवर्ण समाज, परशुराम सेना, श्रीराम सेना, सवर्ण आर्मी सहित अन्य सामाजिक व धार्मिक संगठनों ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया।

**परेड चौराहे पर जुटे प्रदर्शनकारी :** रविवार दोपहर शहर के परेड चौराहे पर बड़ी संख्या में समाज के लोग एकत्रित हुए। प्रदर्शनकारियों ने घटना को सनातन धर्म और धार्मिक भावनाओं पर सीधा हमला बताते हुए शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। हाथों में तख्तियां लेकर प्रदर्शनकारियों ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

**धार्मिक ग्रंथ का अपमान नहीं सहेगा समाज :** प्रदर्शनकारियों का कहना था कि मनुस्मृति जैसे प्राचीन धार्मिक ग्रंथ का दहन करना सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की साजिश है। उन्होंने आरोप लगाया कि बार-बार धार्मिक ग्रंथों और आस्थाओं को निशाना बनाया जा रहा है, लेकिन शासन की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं हो रही।

**कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन तेज करने की चेतावनी :** दर्शन के दौरान वक्ताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि खनियाधाना मामले में दोषियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर और कड़ी कानूनी कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो जिला स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक आंदोलन किया जाएगा।

### पुलिस बल तैनात, स्थिति रही नियंत्रित

प्रदर्शन को देखते हुए परेड चौराहे और आसपास के क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस की मौजूदगी में प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ और किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति नहीं बनी। इस दौरान सवर्ण समाज, परशुराम सेना, श्रीराम सेना, सवर्ण आर्मी सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में धार्मिक आस्था के सम्मान और दोषियों पर कार्रवाई की मांग उठाई।

## भिंड के दो शिवभक्तों की अनोखी पदयात्रा

**भिण्ड।** शिव भक्ति और जनकल्याण के संकल्प के साथ भिंड जिले के दो युवकों ने आस्था की ऐसी मिसाल पेश की है, जिसने हर किसी को प्रेरित कर दिया। भिंड निवासी राजवीर और सुधीर राजौरिया 4 दिसंबर से 550 किलोमीटर लंबी पदयात्रा पर निकले थे, जो शनिवार देर शाम उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। दोनों शिवभक्तों ने 24 दिनों में यह कठिन यात्रा पूरी की।




# ठाकरे और पटवा के विचार आज भी संगठन की ताकत : नरवरिया

**भिण्ड, 28 दिसम्बर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के संगठनात्मक कार्यक्रम के अंतर्गत पार्टी जिला कार्यालय, पीडब्ल्यूडी कॉलोनी में भाजपा संगठन के पितृ पुरुष पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व. कुषाभाऊ ठाकरे एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सुंदरलाल पटवा की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह नरवरिया सहित पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह नरवरिया ने कहा कि स्व. कुषाभाऊ ठाकरे का संपूर्ण जीवन संगठन निर्माण को समर्पित रहा।

**सुंदरलाल पटवा ने प्रदेश को विकास की दिशा दी :** पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सुंदरलाल पटवा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए जिला अध्यक्ष नरवरिया ने कहा कि पटवा जी का राजनीतिक जीवन भारतीय जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक प्रदेश के विकास को समर्पित रहा। इस मौके पर पुण्यतिथि कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष कामना भदौरिया, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. रमेश दुबे, कृष्णाकांता तोमर, जिला उपाध्यक्ष अनिल कटारे सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिला कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस का 140 वां स्थापना दिवस मना

**नवभारत न्यूज**

**मेहगांव, 28 दिसम्बर।** जिला कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस का ध्वजारोहण एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर कांग्रेस का 140 वां स्थापना दिवस मनाया गया और वरिष्ठ कांग्रेसजनों एवं स्वतंत्रता सेनानी परिवार जन के सदस्य को माला व शाल पहनाकर सम्मानित किया गया।

**कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं के आगमन की तैयारी को लेकर बैठक भी हुई**

अध्यक्षता कर रहे ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामशेष बघेल ने संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं,बल्कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा रही है।



कांग्रेस के विचार,संघर्ष और नेतृत्व के साथ चलते हुए असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों ने देश की आज़ादी के लिए अपना जीवन,परिवार,सुख-सुविधाएं और सर्वस्व बलिदान कर दिया।

वक्ताओं में कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष जय श्रीराम बघेल, पूर्व शहर जिलाध्यक्ष डॉ. राधेश्याम शर्मा, रामहर्ष सिंह कुशवाह, सेवादल जिलाध्यक्ष संदीप मिश्रा, वीरेंद्र सिंह यादव, महेश जाटव, मलखानसिंह भदौरिया, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनीष पुरोहित, बलराम जाटव आदि नेताओं ने भी विचार रखे।

बैठक के दौरान ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामशेष बघेल ने राष्ट्रीय नेताओं के दौरे की तैयारी को लेकर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से चर्चा की। सभी को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्होंने बताया कि 29 दिसंबर को जिला कांग्रेस कमेटी शहर व ग्रामीण की संयुक्त जिला समन्वय समिति एवं मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य (एसआईआर) की समीक्षात्मक बैठक इटावा बायपास रोड़ जिला कांग्रेस कार्यालय के बगल में संस्कृति मैरिज गार्डन में आयोजित की जाएगी । उक्त बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव व मध्यप्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी एवं राष्ट्रीय सचिव व सहप्रभारी सांसद श्रीमती संजना जाटव मुख्य अतिथि रहेंगे।

नेताद्वय ग्वालियर से प्रात: 10 बजे सड़क मार्ग से चलकर मालनपुर, गोहद, मेहंगाव एवं बस स्टैंड, परेड चौराहा, इटावा चुंगी होते हुए जिला कांग्रेस कार्यालय पर पहुंच कर दोपहर 12 बजे जिला समन्वय समिति एवं दोपहर 2 बजे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य ( एसआईआर) की समीक्षा करेंगे। नेताओं का भिण्ड आगमन के दौरान ऐतिहासिक स्वागत किया जाएगा।

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

बैठक के दौरान पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष जय श्रीराम बघेल, पूर्व शहर जिलाध्यक्ष डॉ .राधेश्याम शर्मा, रामहर्ष सिंह कुशवाह, उपाध्यक्ष महेश जाटव, संजय भूता, मीडिया प्रभारी पंकज त्रिपाठी, सेवादल जिला अध्यक्ष संदीप मिश्रा, मलखान सिंह भदौरिया, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनीष पुरोहित, एससी विभाग प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल चौरसिया, कार्यालय प्रभारी रामस्वरूप गोयल, युवक कांग्रेस अध्यक्ष मनीष पुरोहित, रामरतन दाऊ, वीरेंद्र सिंह यादव, राहुल सिंह कुशवाह, बलराम जाटव, राहुल सिंह कुशवाह, अभिलाख सिंह यादव, विनोद पंडित, सुशीला नरवरिया, स्मिता शर्मा, रेखा नरवरिया, रामवीर सिंह यादव, राजेंद्र सिंह यादव, एड . हरनारायण शर्मा, शैलेंद्र सिंह, अजय शर्मा, सुल्तान सिंह नरवरिया, देवेंद्र सिंह भारौली, गोपाल मिश्रा आस्तिक, संदीप बघेल, रामपाल सिंह भदौरिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।